DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

देहरादून | शनिवार • 27.07.2024

my city अमर उजाला 02

amarujala.com/dehradun

लक्ष्य से भटकाता है नशा, सफलता के लिए थोड़ा स्मार्ट बनें

पुलिस की पाठशाला में आईपीएस अधिकारी ने पढ़ाया कानून का पाठ, छात्रों को साइबर अपराध और नशे के प्रति किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम, नशे से बचाव और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के मकसद से शुक्रवार को अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया।

आईपीएस श्वेता चौबे ने छात्रों को कानून का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि नशा हमें लक्ष्य से भटकाने का काम करता है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए थोड़ा स्मार्ट बनना होगा।

दून विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित पाठशाला में आईपीएस श्वेता चौबे ने छात्रों को साइबर, ट्रैफिक, कानून व्यवस्था और नशे से बचाव के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशे की लत वन-वे रास्ते की तरह है। एक बार इस पर चलना शुरू किया तो यहां से वापस आना मुश्किल है। इससे बचने के लिए हमें बुरी आदतों को पहले दिन से ही ना कहना होगा। उन्होंने कहा, वर्तमान दौर में पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती साइबर क्राइम और युवाओं में बढ़ता नशा है। इससे बचने के लिए हमें जागरूक होने के साथ ही अपने आसपास के लोगों को इसके दुष्प्रभाव बताने होंगे। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष प्रो. गजेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में जागरूकता आती है। समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए।



अमर उजाला की ओर से दून विश्वविद्यालय में आयोजित पुलिस की पाठशाला में शामिल एमबीए के विद्यार्थी और विचार रखतीं एसपी हेडक्वार्टर श्वेता चौबे। संवाद

पुलिस की पाठशाला

सोशल मीडिया पर फर्जी खाते न बनाएं

आईपीएस श्वेता चौबे ने छात्र-छात्राओं से कहा कि इंटरनेट व सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय थोड़ा सा स्मार्ट बनें। एक हल्की सी चूक हमें नुकसान पहुंचा सकती है। हिदायत देते हुए उन्होंने कहा, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड से बचने के लिए किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक अकाउंट न बनाएं और न ही किसी अंजान व्यक्ति के साथ सोशल मीडिया पर संपर्क करें।

News paper – Amar Ujala
Date – 27.07.2024